सेकान्ते मुनिकन्याभिस्तत्क्षणोज्झितवृक्षकम् ।

विश्वासाय विहंगानामालवालाम्बुपायिनाम् ।।51।।

अन्वय आलवालाम्बुपायिनां विहगनां विश्वासाय मुनिकन्याभिः सेकान्ते तत्क्षणोज्झितवृक्षकम् (आश्रमम् प्रापत्)।

अनुवादः.चक्रवर्ती सम्राट राजा दिलीप उस आश्रम में पहुंचे जहाँ वृक्षों को जल से सींचने के पश्चात् मुनि-कन्याएँ (वृक्षों के) आलवालों में सींचे गए जल को पीने वाले पक्षियों में विश्वास उत्पन्न करने के लिए तुरन्त ही (उन सींचे हुए, वृक्षों के पास से) दूर हट जाती थीं।

टिप्पणियां

सेकान्ते सेकस्य अन्ते (षष्ठी तत्पुरुष) (वृक्षों को) सींचने के पश्चात्। सेक सिञ्च् घञ्, सींचना। वृक्षों को सींचने के पश्चात्।

तत्क्षणोज्झित स क्षणः इति तत्क्षणः (कर्मधारय) ह्रस्वा वृक्षा वृक्षकाः (अल्पार्थेक प्रत्ययः) तत्क्षणे उज्झिताः (उज्झ् क्त) वृक्षकाः यत्र सः, तत्क्षणोज्झितवृक्षकः (बहुव्रीहि) तम् (आश्रम का विशेषण), वह आश्रम जिसमें मुनिकन्याओं ने वृक्षों को पानी देने के पश्चात् तुरन्त छोड़ दिया था।

विशेष जैसा पहले उल्लेख किया गया है कि आश्रम के निवासी पक्षियों से बहुत पक्षियों से बहुत स्नेह करते थे। वे उन्हें किसी प्रकार का कष्ट नहीं देना चाहते थे और उनमें अपने लिए विश्वास का भाव स्थापित करना चाहते थे। अतएव मुनि.कन्याएँ वृक्षों के

आलवालों को जल से भरकर दूर हट जाती थीं, जिससे पक्षी निर्भय होकर जलपान कर सकें। वृक्षों की जड़ों के चारों ओर जल देने के लिए गोदे गये गोलाकार गड्ढे को आलवाल कहते हैं। पक्षी प्रातः आलवाल में भरे हुए जल को पीते हैं।

विहंगानाम् विहायसा गच्छन्तीति विहगः, जो आकाश में विचरण करते हैं। विहायस् (आकाश) गम् खच्। पक्षियों का विश्वास।

विश्वासाय विश्वासम् उत्पादयितुम् **क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः** सूत्र से चतुर्थी। विश्वास के लिए।

आलवालाम्बु आ (समन्तात्) जलस्य लवम् आलाति (गृह्णाति) इति आलवालम्, आ-लव-आ-ला-क। आलवालेषु यत् अम्बु इति आलवालाम्बु (सप्तमी तत्पुरुष)। आलवालाम्बु पातुं शीलं एषामिति, आलवालाम्बुपायिनः (उपपद तत्पुरुष), तेषाम्। आलवालाम्बु पाणिनि 'विहंगानाम्' का विशेषण। वे पक्षी जो वृक्षों की जड़ों के चारों ओर बने गोलाकार आलवाल में भरे वृक्षसेचन जल के पीने में अभ्यस्त थे।